मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में 635 करोड़ रुपये की पांच विकास परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया

युवाओं को 10 लाख तक ब्याजमुक्त लोन: योगी

ऐलान

गोरखपुर हिन्दुस्तान टीम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विकास और सुरक्षा का मॉडल ही यूपी को उज्जवल भविष्य के मार्ग पर आगे बढ़ाएगा। विकास प्रस्तावों में विघ्न डालने की बजाय इसमें सहभागी बनना चाहिए। जब विकास होगा तभी उद्यमिता बढ़ेगी। उद्यमिता को बढ़ाने के लिए युवाओं को 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा।

योगी, शुक्रवार को पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के सोनबरसा में 635 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब विकास होगा तभी उद्यमिता बढ़ेगी। स्थानीय युवा उद्यमी बन पाएंगे। उन्होंने बताया कि युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए दो चरणों में ब्याजमुक्त लोन देने की व्यवस्था कर दी है। पहले चरण में 5 लाख और दूसरे चरण में 10 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। लोन लेने वाले युवाओ को बैंकों को सिर्फ मूल पूंजी वापस करनी होगी, ब्याज का पैसा सरकार चुकता करेगी।

05 लाख रुपये तक लोन पहले चरण में दिया जाएगा

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम तक आते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक दौर वह भी था जब कोई बाहरी व्यक्ति गोरखपुर आना नहीं चाहता था। आज राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री तक गोरखपुर आते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को उपराष्ट्रपति सैनिक स्कूल का उद्घाटन करने गोरखपुर आएंगे।

पीएम मोदी के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों को छू रहा देश: योगी ने कहा कि देश, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। अब पूरी दुनिया में भारत की तूती बोलती है। भारत की पहचान पूरी दुनिया में विकास के एक मॉडल के रूप में बनी है। देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। आने वाले तीन वर्षों में यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। इसमें उत्तर प्रदेश की भी बड़ी भूमिका होगी।

गोरखपुर में जटायु राजगिद्ध संरक्षण केंद्र के उद्घाटन अवसर पर शुक्रवार को सेल्फी लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

गोरखपुर में बनेगा फॉरेस्ट्री कॉलेज

गोरखपुर कार्यालय संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर में फॉरेस्ट्री कॉलेज खुलेगा। इस संस्थान में वन से संबंधित डिग्री और डिप्लोमा के कोर्स संचालित होंगे। इससे वन विभाग की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न पदों पर युवाओं को नौकरी भी मिल सकेगी। इस पर कार्ययोजना के लिए उन्होंने वन विभाग के अफसरों को निर्देशित किया।

सीएम, शुक्रवार को गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज रेंज के भारीवैसी में स्थापित देश के पहले जटायु राजगिद्ध (रेड हेडेड वल्चर) संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

प्रकृति की रक्षा का संकल्प

योगी ने कहा कि सरकार प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्पित भाव से कम कर रही है। यूपी देश ही नहीं बल्कि दुनिया का ऐसा पहला राज्य है जिसने 7 वर्षों में 200 करोड़ पौधे रोप। 2017 के पहले जंगलों की कटान होती थी। अब पौधे लगाए और बचाए जा रहे हैं।